प्रत्येक सोमवार को हल्द्वानी से प्रकाशित

Tittle Code - UTTHIN05123

# कुमाऊं जनसंदेश

वर्ष–1 अंक–2 हल्द्वानी (नैनीताल) सोमवार 26 जून 2017 पृष्ठ – 8 मूल्य 2 रूपये

# पहाड़ी उत्पादों को मुंह मांगा दाम दिलाएंगी विदेशी मशीनें

**पहाड़ के किसानों को मंडी बोर्ड करेगा मालामाल, रुद्रपुर में होगी पहाड़ी उत्पादों की प्रोसेसिंग**

## पूरे देश में इस तरह का है पहला प्रोसेसिंग प्लांट

**हल्द्वानी।** अब पर्वतीय क्षेत्रा के किसानों को पारंपरिक उत्पादों की बिक्री या कम दाम मिलने की फिक्र की जरुरत नहीं है। मंडी विपणन बोर्ड उन्हें पहाड़ पर रहकर ही मालामाल करने की कोशिश में जुटा है। उत्तराखंड कृषि उत्पादन व विपणन बोर्ड उत्तराखंड के रुद्रपुर में पारंपरिक उत्पादों की ब्रांडिंग एवं प्रोसेसिंग के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की तैयारी लगभग पूरी कर चुका है। खास बात यह है कि यह प्लांट देश का इस तरह का पहला प्रोसेसिंग प्लांट है। अक्टूबर से प्लांट सुचारु रूप से काम करने लगेगा। मल्टी ग्रेन क्लीनिंग एंड ड्राइंग प्लांट की क्षमता दो टन प्रति घंटा की दर से प्रोसेसिंग की है।



विदेशी मशीनें उत्तराखंड के किसानों को मालामाल करने में मददगार बनेंगी। उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड पहाड़ के किसानों के घर बैठे ही उत्पाद का उचित दाम मिलने के सपने को पंख लगाने जा रहा है। इसके लिए उत्तराखंड के रुद्रपुर में मंडी विपणन बोर्ड देश के पहले प्रोसेसिसंग प्लांट की स्थापना की तैयारी में जोरशोर से जुटा है। मंडी बोर्ड का प्रयास है कि किसानों को पारंपरिक उत्पादों की बिक्री या उचित दाम न मिलने की वजह से पलायन करने पर मजबूर न होना पड़े। उन्हें पारंपरिक खेती से जोड़े रखने, उचित दाम व उत्पाद की बिक्री में सहायक बनने के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इस प्लांट में उत्पाद के शार्टिंग, ग्रेडिंग, कलर शार्टिंग, डि स्टोनिंग आदि की बेहर सुविधा मिलेगी। इस प्लांट के लिए जर्मनी, स्विटरलैंड, चीन से मशीनें मंगाई गई हैं। अक्टूबर से प्लाट सुचारु रूप से काम करने लगेगा। इसके साथ ही राज्य अपने उत्पादों की ब्रांडिंग देश के अलावा विदेशों में भी करने लगेगा। प्लांट में पारंपरिक उत्पाद जैसे राजमा, सोयाबीन, गहत, भटट,रामदाना, झिंगूरा, मडुवा सहित अन्यय उत्पादों की शार्टिंग, ग्रेडिंग व कलर शार्टिंग की जाएगी। मी का यह भी प्रयास है कि क्षेत्रा की विशेषता के अनुसार भी उत्पादों की ब्रांडिंग की जाएगी। जैसे की मुनस्यारी की राजमा, चौदास का राजमा या चमोली, हर्षिल का राजमा या दार्मा की पलती आदि को क्षेत्रा के अनुसार ब्रांड किया जा सकेगा। उत्तराखंड को कोई भी काश्तकार, समूह या व्यापारी पारंपरिक उत्पादों की प्रोसेसिंग अब मंडी के इस प्लांट में करा सकेगा। इससे तय है कि मंडी के इस प्रयास से किसानों का रुझान पारंपरिक खेती की ओर बढ़ सकेगा। साथ ही उन्हें वाजिफ दाम भी आसानी से मिल सकेंगे।

## तेजी से हो रहा निर्माण कार्य

**हल्द्वानी।** प्रोसेसिंग प्लांट स्थापना का कार्य बेहद तेजी से चल रहा है। नैनीताल हाइवे के करीब स्थित जमीन पर तैयार किये जा रहे प्लांट में विदेशी मशीनों को लगाने का काम इन दिनों किया जा रहा है। जल्द ही कार्य पूरा होने की उम्मीद है। इससे किसानों को जल्द ही पारंपरिक उत्पादों को यहां लाकर उचित दाम मिलने की सुविधा मिल सकेगी।



## पारंपरिक उत्पादों की ब्रांडिंग कर दिलाएंगे वाजिफ दाम : गर्ब्याल

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक धीराज सिंह गर्ब्याल का कहना है कि पारंपरिक उत्पादों का अलग ही महत्व है। ये पौष्टिकता से भरपूर होते हैं। किसानों के पारंपरिक उत्पादों की बिक्री बढ़ाने व उचित दाम दिलाने के लिए मंडी बोर्ड रुद्रपुर में देश का पहला ऐसा प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। विदेशों से मंगाई गई मशीनों से पारंपरिक उत्पादों की प्रोसेसिंग की जाएगी जिससे उत्पाद को ब्रांड के रूप में तैयार कर उचित दाम तो दिलाया ही जा सके। साथ ही उसकी मांग भी बढ़ सके। अक्टूबर तक प्लांट तैयार हो जाएगा।



# कुमाऊं जनसंदेश के प्रकाशन की हार्दिक शुभकामनाएं



## डा. एमएस नयाल

अपर निदेशक

पशु पालन विभाग, देहरादून

## राजेंद्र शर्मा



इतिहास प्रवक्ता

राइंका, शांतिपुरी, नम्बर दो

## मुरलीधर पांडे



अध्यक्ष

विक्रम वेलफेयर सोसायटी

**हल्द्वानी, लालकुआं, किच्छा**

## विक्रम सुयाल



अध्यक्ष

टेंपो यूनियन

**मंगल पड़ाव, हल्द्वानी**



## नवीन चंद्र वर्मा

प्रदेश महामंत्री

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड
प्रांतीय कार्यालय– शारदा मार्केट हल्द्वानी

## योगेश तिवारी



शिव शक्ति सेवा समिति रजि.

निर्बल, असहाय एवं विकलांग आदि
की सेवा में सदैव तत्पर
ग्राम पलड़ा, देवनगर
पो.–गुनियालेख, तहसील धारी,
जिला–नैनीताल

## नितेश गुप्ता



सत्यदेव इंडस्ट्री

डील्स इन हाउस
कीपिंग प्रोडक्टस,
फुलसुंगा, रुद्रपुर

## जगदीश सिंह नेगी



अध्यक्ष

शिप्रा कल्याण समिति, भवाली

# भ्रष्टाचार मिटा कर लेंगे दम : त्रिवेंद्र

## अधिकारियों को दी ग्रामीण समस्याओं के निदान की हिदायत

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा, हम प्रदेश को पारदर्शी सरकार देंगे। भ्रष्टाचार से मुक्ति की प्राथमिकता गिनाते हुए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि ग्रामीण समस्याओं का त्वरित निदान करें। उन्होंने केंद्र की स्वच्छ भारत, प्रधानमंत्री आवास व अटल पेंशन योजना की प्रगति, वर्ष 2018 तक हर घर को रोशनी तथा शत–प्रतिशत आवास की समीक्षा भी की।



सर्किट हाउस में शनिवार को सीएम त्रिवेंद्र ने सभी विभागाध्यक्षों से विकास कार्यो की प्रगति का ब्योरा मांगा। पेयजल व विद्युत की उपलब्धता पर खास जोर देते हुए कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग से मिलकर काम करने को कहा। राजकीय चिकित्सालयों में डॉक्टरों की तैनाती तथा लोनिवि अधिकारियों को बरसात के मद्देनजर डेंजर जोन चिह्नित कर खस्ताहाल सड़क हर हाल में दुरुस्त रखाने के निर्देश दिए। चिकित्साधिकारियों से कुपोषण की स्थिति जानी तो शिक्षा व्यवस्था में सुधार को विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति पर नजर रखने को कहा। साथ ही सेवा का अधिकार, कौशल विकास आदि के लिए जिलास्तर पर प्रगति भी जानी। सीएम ने केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शुमार योजनाओं की प्रगति के बारे में ब्योरा मांगा। इनमें तेजी के निर्देश भी दिए। इसके अलावा समाज कल्याण की पेंशन लाभार्थियों के आधार सीडिंग की स्थिति, हेल्थ कार्ड, बीपीएल व आयकर के दायरे वाले परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर दिया। पूछा कि छात्रवृत्ति व विकास योजनाओं की कितनी धनराशि बैंकों में कितने समय से जमा है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली व होम स्टे योजना के क्रियान्वयन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में कहा कि पर्यटन विभाग नए पर्यटन स्थल विकसित करें।

### जल संवर्धन पर तेजी से हो कार्य

**अल्मोड़ा।** सीएम त्रिवेंद्र ने कहा, जल संचय व संवर्द्धन को जिले में किये जा रहे कार्यो तथा नौले व धारों को पुनर्जीवन को तेजी से कार्य योजना पर कार्य किया जाए। इस दिशा में डीएम सविन बंसल की पहल को सराहनीय बताया। उन्होंने पौधरोपण पर जोर देते हुए वन विभाग से कार्य योजना पर अमल को कहा। उन्होंने पंचेश्वर बांध के पुर्नवास कार्यो के बारे में सिंचाई अधिकारियों से जानकारी ली। इस मौके पर केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री अजय टम्टा, प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक द्वाराहाट महेश नेगी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### अन्य जनपदों में खोलें ऐसे अस्पताल : भट्ट

**अल्मोड़ा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट ने पपरसली में 25 लाख की लागत से बने उत्तरायण हॉस्पिटल की ही तरह फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. ओपी यादव से कुमाऊं व गढ़वाल मंडल के अन्य जिलों में भी ऐसे ही अत्याधुनिक चिकित्सालय स्थापित करने का आग्रह किया। समारोह से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र के साथ प्रदेश अध्यक्ष भट्ट आदि ने 10 बेड वाले उत्तरायण हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर व उसमें स्थापित हाइटेक मशीनों की जानकारी भी ली। वहीं पपरसली में उत्तरायण हॉस्पिटल की स्थापना के लिए डॉ. ओपी यादव को प्रेरित व सहयोग देने वालों को सीएम ने सम्मानित किया।

# सरकर का प्रयास बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : रावत

## बोले रावत, अल्मोड़ा अब पर्वतीय जिलों में अत्याधुनिक चिकित्सा का केंद्र भी बनेगा

**अल्मोड़ा।** शिक्षा और संस्कृति का हब अल्मोड़ा अब पर्वतीय जिलों में अत्याधुनिक चिकित्सा का केंद्र भी बनेगा। बेस चिकित्सालय को हृदय रोग के बेहतर उपचार में विशेष सहयोग दे रहे दिल्ली के उत्तरायण फाउंडेशन (फेथ) का हॉस्पिटल खुलने के बाद यहां डायलेसिस समेत महानगरों की भांति अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। धार्मिक व पर्यटक स्पॉट कसारदेवी से कुछ दूर पपरसैली में उत्तरायण हॉस्पिटल के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने यह बात कही।

उन्होंने उत्तरायण फाउंडेशन अध्यक्ष वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी यादव के पहाड़ प्रेम तथा दिल्ली जैसे सुविधा संपन्न महानगर की चकाचौंध से इतर पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सालय की स्थापना को अतुलनीय योगदान बताया। कहा, इससे पहाड़ के बाशिंदों को जहां हृदय संबंधी बेहतर उपचार मिलेगा, वहीं अन्य लोग भी अच्छे चिकित्सालय की स्थापना को प्रेरित होंगे। उन्होंने पहाड़ से मुंह फेरने वाले चिकित्सकों को भी डॉ. यादव से सीख लेने की नसीहत दी। कहा, सरकार उत्तरायण फाउंडेशन को हरसंभव मदद देगी।

विशिष्ट अतिथि मिजोरम के पूर्व राज्यपाल अमोलकरतन कोहली ने कहा कि जब वह योजना आयोग के सदस्य थे, तब 20 वर्ष पूर्व पर्वतीय क्षेत्रों के दौरे पर यहां आए थे। पहाड़ में बहुत कुछ करने के लिए है। वह दिन दूर नहीं जब उत्तराखंड मागने वाला नहीं बल्कि देश को देने वाला राज्य बनेगा। उन्होंने उत्तरायण फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. ओपी यादव के स्वास्थ्य सेवा के लिए अल्मोड़ा को चुनने के निर्णय को मील का पत्थर बताया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन सत्यकाम कोहली ने कहा कि शरीर स्वस्थ है तो राष्ट्र भी सेहतमंद होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सूत्र बताया, एक कदम हर एक व्यक्ति बढ़ाएगा तो देश बढ़ेगा। इससे पूर्व फेथ के चेयरमैन डॉ. ओपी यादव ने चिकित्सालय की खूबियों पर प्रकाश डाला। कहा कि दो माह के भीतर यहां डायलेसिस सुविधा मिल जाएगी। उनका उद्देश्य पहाड़ के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना है। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, राज्य सभा सासद प्रदीप टम्टा आदि ने भी विचार रखे।

# बिछुड़े बच्चे को परिजनों से मिलाया

## स्माइल टीम और चाइल्ड लाइन बनी मददगार



**रुद्रपुर।** कुछ दिनों पूर्व घर से भटककर कुंडा काशीपुर क्षेत्र में लावारिस हाल में स्माइल टीम को मिले नेपाली बालक जीवन को चाइल्ड हेल्प लाइन ने आखिरकार उसके परिजनों से मिला ही दिया। लापता बच्चे के सही सलामत मिलने पर परिजनों पर चाइल्ड लाइन का आभार जताया है। चाइल्ड लाइन ने जीवन को पिता के साथ नेपाल भेज दिया है। जीवन नौ दिन पूर्व आपरेशन स्माइल टीम को लावारिस हालत कुण्डा में मिला था थाना कुण्डा काशीपुर से आपरेशन स्माइल टीम द्वारा लावारिस हालत में एक नेपाल मूल के बच्चे (बालक) के मिलने की सूचना चाइल्ड लाइन 1098 ऊधम सिंह नगर को दी थी। इस पर कार्यवाही करते हुए आखिकार चाइल्ड लाइन की निदेशक जया मिश्रा ने जीवन के परिजनों से संपर्क कर बालक को उन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चे की सकुशल बरामदगी पर परिजनों ने चाइल्ड लाइन निदेशक जा व स्माइल टीम का आभार जताया।

नौ वर्षीय जीवन को उसके पिता ओमराज निवासी ग्राम सुरखेत थाना बांगीसिमल नेपाल उसे लेकर अपने घर लौट गए हैं।

### रक्षित को नीट में 98.96 परसेंटाइल

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी रमाशंकर शुक्ला के पौत्र रक्षित शुक्ला ने एमबीबीएस चयन के लिए हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 'नीट' में 98.96 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया में 11126वीं रैंक हासिल की है। रक्षित की ओवर ऑल रैंक 9936 और कैटेगरी रैंक 6164 है। उसने 720 अंकों में से 549 अंक प्राप्त किये हैं। रक्षित ने हाईस्कूल में 10 सीजीपीए और इंटर में 94.8 फीसदी अंकों के साथ होली चाइल्ड स्कूल टॉप किया था। पत्रकार राजीव शंकर शुक्ला के पुत्र ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों एवं परिजनों को दिया है।

## सम्पादकीय

# सुगम हो जीएसटी की राह

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर अमल की तारीख तो पहले ही तय हो गई थीए लेकिन जीएसटी परिषद की ताजा बैठक के बाद इस संबंध में रही–सही अटकलें भी दूर हो गई हैं। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बेलाग कहा कि 30 जून की आधी रात से नई कर व्यवस्था लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा हमारे पास जीएसटी को टालने का वक्त नहीं है। इसके पहले कई हलकों से ऐसी मांग उठी थी कि जीएसटी पर अमल को दो महीने टाला जाए। यहां तक कि नागरिक विमानन मंत्रालय ने भी एक सितंबर तक का समय मांगा थाए ताकि अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस सेवाएं नई कर व्यवस्था के मुताबिक अपने सिस्टम को ढाल सकें। व्यापारी संगठनों में भी जीएसटी को लेकर कई चिंताएं हैं।

जीएसटी त्रिस्तरीय व्यवस्था है। इसमें केंद्रीय जीएसटी और राज्य जीएसटी लगभग हर कारोबारी को चुकाना होगा। जिनका व्यापार एक से ज्यादा राज्यों में हैए उन्हें अंतरराज्यीय जीएसटी के तहत जरूरी औपचारिकताएं भी पूरी करनी होंगी। बताया गया है कि ऐसे व्यापारियों को हर महीने तीन रिटर्न फाइल करने होंगे। साल के आखिर में उन्हें एक वार्षिक रिटर्न भी फाइल करना होगा. यानी एक साल में कुल 37 रिटर्न हर व्यापारी को दाखिल करने होंगे। कुछ खबरों में बताया गया है कि इन सबके लिए आवश्यक व्यवस्था अभी तैयार होने के दौर में है। मसलन, ई–वे बिल सिस्टम अभी तैयार नहीं है। इसलिए आशंका है कि आरंभ में कारोबारियों को दिक्कतें पेश आ सकती हैं।

लेकिन जीएसटी परिषद ने संभवतः यही महसूस किया कि इस कर व्यवस्था को लागू करने में पहले ही काफी देर हो चुकी है। इसलिए तारीख आगे ना बढ़ाने का फैसला हुआ। इस बीच एक रियायत जरूर दी गई है। रिटर्न दाखिल करने संबंधी नियमों में जुलाई और अगस्त के लिए ढील दी गई है। जब तक ई–वे बिल प्रणाली तैयार नहीं होतीए व्यापारियों के लिए इसे अपनाना जरूरी नहीं होगा। ये तमाम स्वागतयोग्य कदम हैं। मगर यह अब भी अपेक्षित है कि सरकार व्यापारी वर्ग में मौजूद भ्रमों को दूर करने के लिए जोरदार अभियान चलाए। बेहतर यही होगा कि नई कर व्यवस्था लागू करने से पहले तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। नोटबंदी के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। तब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियमों में बार–बार परिवर्तन से लोगों को बहुत दिक्कतें हुईं। यह संदेश गया कि बिना पूरी योजना बनाए उतना बड़ा फैसला ले लिया गया। जीएसटी अपनाना भी एक बहुत बड़ा कदम है। इसे लागू करते वक्त नोटबंदी जैसी स्थितियां ना पैदा होंए यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। इस मामले में कुछ दूसरे देशों के अनुभव से भी सीखने की जरूरत हैए जहां जीएसटी के कारण आरंभ में अफरा–तफरी देखने को मिली थी। व्यवस्थागत कोई परिवर्तन तमाम हितधारकों के सहयोग एवं उत्साह से ही सहजता से कार्यरूप लेता है। इसलिए ये धारणा नहीं बनने दी जानी चाहिए कि लोगों की आशंकाओं की अनदेखी कर जीएसटी लागू किया जा रहा है।



रूद्रपुर में फैक्ट्री कर्मियों को योग सिखाती योग प्रशिक्षक संयोगिता सिंह



भीमताल विकास भवन परिसर में योगाभ्यास करते विकास भवन के अधिकारी व कर्मचारी



रूद्रपुर में योग करते डीएम डा. नीरज खैरवाल, विधायक राजकुमार ठुकराल व अन्य



नैनीताल के फ्लैट्स मैदान में योग करते स्थानीय लोग





# योग दिवस पर जगह-जगह योगाभ्यास

**हल्द्वानी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महानगर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर अलग-अलग स्थानों पर सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें स्थानीय लोगों समेत वरिष्ठजनों, युवाओं, अधिकारियों व कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। योग दिवस के अवसर पर महानगर में पूरा वातावरण योगमय बना रहा। लोग बड़ी संख्या में स्वेच्छा से कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने पहुंचे और सामूहिक रूप से योग कर भारतीय संस्कृति के प्रतीक लोगों ने अपनी जागरूकता का परिचय दिया।

महिला डिग्री कालेज में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट ने योग कर उपस्थित लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि योग भारत की अमूल्य कृति है। आज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जाना हमारी संस्कृति का विश्व स्तर पर सम्मान एवं अंगीकरण है। आज भारत ही पूरे विश्व मे लोग योग के महत्व को जान चुके हैं और इसको अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, नगर अध्यक्ष विजय मनराल, मीडिया प्रभारी प्रकाश रावत शंकर कोरंगा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खंडूरी के नेतृत्व में पुलिस महकमे द्वारा वानिकी प्रशिक्षण संस्थान (एफटीआई) मैदान में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिविर का शुभारम्भ हिन्दू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई समुदाय के लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर राष्ट्रगान के बाद योगाभ्यास शुरू किया गया। इस दौरान एसएसपी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिये। योग से मन व शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं। शिविर के दौरान लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के लिये हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। शिविर में एसपी सिटी अमित श्रीवास्तव, सीओ दिनेश चन्द्र डौडियाल, कोतवाल नरेश चन्द्र, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी एपी बाजपेयी के अलावा बड़ी संख्या में जनमानस एवं योग प्रशिक्षक मौजूद थे। राजकीय मेडिकल कालेज परिसर स्थित मैदान में आयोजित योग शिविर कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के समस्त चिकित्सकों, स्टाफ नर्सो, अधिकारी, कर्मचारियों के साथ एमबीबीएस व एमडी/एमएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक चले योग शिविर के दौरान योगाचार्य नागेन्द्र जोशी ने कपाल भारती, वृक्षाआसन, दण्डा आसन, भ्रद्रा आसन, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार आसन आदि आसनों के बारे में सभी को विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. चन्द्र प्रकाश भैसोड़ा ने कहा कि योग करने से मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं। इस दौरान योगाभ्यास के बाद पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें एमबीबीएस छात्र-छात्राओं व प्राचार्य द्वारा कालेज प्रांगण में 50 से अधिक पौधे रोपे गये।

एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में नि:शुल्क योग शिविर लगाया गया। इस मौके पर संस्था की योग कप्तान धर्मा कुमार व उनकी टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। अध्यक्ष साहू ने कहा कि संस्था ने अभियान चलाकर जगह-जगह नि:शुल्क योग शिविर लगाकर भारत के सभी जनमानस को स्वस्थ व निरोग रखने का प्रयास किया है, यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर संरक्षक रूपेंद्र नागर, लोकेश कुमार साहू, नंदकिशोर आर्य, रवि गुप्ता, बलराम हालदार, मुकेश सरकार, पवन कार्की, अशोक कुमार आदि थे।

78 उत्तराखण्ड एनसीसी के तत्वावधान में रानीबाग में चल रहे एनसीसी कैडेट्स के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें बटालियन के अधिकारियों समेत छह सौ बारह कैडेट्स ने सामूहिक योग किया। इस मौके पर कैडेट्स मोहित के निर्देशन में तनुज, हिमांशु, जतिन व प्रियम की टीम ने स्टेज पर यौगिक क्रियाओं का प्रदर्शन किया। 19 जून से चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का यह तीसरा दिन था। 28 जून को शिविर की समाप्ति से पहले कैडेट्स को मैप रीडिंग, फायरिंग, बैटल क्राफ्ट, फील्ड क्राफ्ट व लीडरशीप की कक्षाओं में विशेष अभ्यास दिया जायेगा। प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की हल्द्वानी शाखा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शकुंतलम बैंकट हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रहमाकुमारी बीना, वीके, नीलम एवं अन्य बहनों ने मन को तंदुरुस्त एवं शक्तिशाली बनाये रखने के लिये लोगों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि शांति के सागर परमपिता परमात्मा के साथ सम्बंध जोड़ने पर अनमोल रत्न प्राप्त होते हैं। इस शरीर को चलाने वाली आत्मा के वास्तविक सात गुण हैं। इस दौरान सुरेन्द्र भुटियानी, निशा व माया बिष्ट ने शिविर में शारीरिक व्यायाम सिखाये। उन्होंने कहा कि सभी को प्रतिदिन 20 मिनट योगासन करना चाहिये।

**रुद्रपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपदभर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित विशाल योग शिविर का शुभारम्भ जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि भारतीय संस्कृति की देन योग को आज पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है।

विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि पतजंलि योग पीठ व हमारे देश के सभी योग गुरु बधाई के पात्र हैं जिन्होंने योग को पूरे विश्व में विख्यात किया है। योग शिविर में पतजंलि योग पीठ के सदस्य केशव शर्मा, कैलाश जोशी, कविता जोशी, लाखन सिंह, विजय वाजपेयी, महरा जोशी, राजेश, अजय नारायण सिंह, सुष्मिता वाजपेयी, गणेश मिश्रा, काशीराम व दुलाल चन्द द्वारा स्टेडियम में उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया साथ ही विभिन्न योगासनों के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। ग्राम बागवाला में सोग क्लब के तत्वावधान में दयानाथ गुप्ता के अनुश्रवण में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डा. हरिहर शुक्ला, शिवकुमार जायसवाल, दयानाथ गुप्ता, आलोक वर्मा, विष्णु जायसवाल, अर्जुन वर्मा, फूल मौहम्मद, आनन्द यादव, संजय, सत्यनारायण, रुचि यादव, अर्चना आदि उपस्थित थे।

स्थानीय 31वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक मुख्तार मोहसिन के नेतृत्व में योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षणाधीन महिला रिक्रूट आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सेनानायक मुख्तार मोहसिन, सहायक सेनानायक आरसी जोशी, शिविरपाल पीडी जोशी, आरआई दीवान राम टम्टा, दिनेश उपाध्याय, मोहन लाल, गिरीश जोशी, प्रताप सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

**खटीमा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एचएनबी महाविद्यालय योग विभाग, पंतजलि योग समिति, प्रजापति ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, ब्लॉक डेवलपमेंट समिति आर्ट ऑफ लिविंग, राजकीय चिकित्सालय मझोला, राजकीय इंटर कालेज श्रीपुर विछवा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला, 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी, एसएसबी बी कम्पनी सिम्बल घाट के जवानों, महर्षि विद्या मंदिर आदि विद्यालयों में योग शिविर आयोजित किये गये। योग शिविर में लोगों ने बढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय में आयोजित योग शिविर में विधायक पुष्कर सिंह धामी ने महाविद्यालय में आने वाले सत्र में एमए योगा की कक्षायें चलने का आश्वासन दिया। योग शिविरों में लोगों को योग के अध्यात्मिक रहस्यों तथा उसके महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान एसडीएम विजयनाथ शुक्ल, तहसीलदार खीम सिंह बिष्ट, प्राचार्य रीता शर्मा, योग विभागाध्यक्ष डा. कंचन जोशी, एनसीसी प्रभारी सीमा फुलेरा, रंदीप पोखरिया, अनिल चंद, अजय सिंह, आईडी कोटिया, मनोज गुणवंत, विमलेश कुमार, शालू पाण्डे, कैलाश जोशी, हरीश जोशी, नरेन्द्र रौतेला, वीरेन्द्र टण्डन, सुनीता रतूड़ी, संतोष, उमेश, अम्बिका, डा. अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

**भवाली।** गोविन्द बल्लभ पंत इण्टर कालेज में कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने छात्र-छात्राओं को नियमित योग कर निरोगी रहने की सलाह दी। इस दौरान प्रबन्धक पुष्पेश पाण्डे, गोपाल बिष्ट, शांति तिवारी, जेआर सती व स्टाफ मौजूद था।

**चम्पावत।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरल चौड़ मैदान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डा. अहमद इकबाल क्षेत्रीय विधायक कैलाश गहतोड़ी ने किया। उन्होंने योग के महत्व के बारे में बताया। इसके उपरान्त पतंजलि योगपीठ के लोकमणी पंत, डा. भुवन जोशी व अन्य लोगों ने योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इधर सशस्त्र सीमा बल के पंचम वाहिनी मुख्यालय में योग गुरु आरक्षी अजीत कुमार के द्वारा जवानों व अधिकारियों को योगासनों का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में उप कमाण्डेण्ट चन्द्र जीत , सहायक कमाण्डेण्ट गुरुविन्दर जीत सिंह, नितिन शर्मा व सैकड़ों जवान शामिल हुए।

**जैंती ( अल्मोड़ा )।** सर्वोदय इण्टर कालेज मैदान में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पांच से अधिक लोगों ने योगासन सीखे। योग शिक्षक राम सिंह कन्याल, हरीश मेहरा व शिवराज सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला व शिविर में पहुंचे छात्र-छात्राओं व स्थानीय लोगों के रोग निवारण में सहायक अलग-अलग योगासनों की जानकारी दी व उन्हें प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पैरा लीगल वालिन्टियर ने कानूनी पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया। योग शिविर के सफल संचालन में कैलाश जोशी, हेम जोशी, हयात कन्याल, भाष्कर जोशी आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

# हर माह करें सड़क सुरक्षा कार्यों की समीक्षा

## डीएम ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**रुद्रपुर।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से हमारा जनपद संवेदनशील है। इसलिए तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रत्येक माह बैठक का आयोजन कर सड़क सुरक्षा विषयों पर किये गये कार्यों की समीक्षा की जाय ताकि जनपद में सडक दुर्घटनाओं पर रोक लगायी जा सके।

जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर जनपद के सभी राष्ट्रीय एवं लोक मार्गों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि जनपद में किन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाये जाने आवश्यक हैं। साथ ही ऐसे स्पीड ब्रेकर भी चिह्नित कर लिये जाएं जिनकी ऊंचाई कम किये जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने निर्देश दिये कि स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई कम रखी जाए ताकि ब्रेकर से गुजरते समय वाहन को ठोकर न लगे। साथ ही स्पीड ब्रेकर के समीप संकेतक अवश्य लगायें जायें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस एवं नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन मार्गों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है ऐसे स्थानों का चिह्नीकरण करते हुए अतिक्रमण हटाने को संयुक्त अभियान चलाया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाये जाने को एनएच के अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर अतिक्रमण के बावत अवगत कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी लोक मार्गों की चौड़ाई का निर्धारण करते हुए सफेद अथवा पीली पट्टी से मार्क कर लिया जाए। वाहन पार्क करने को स्थलों का चिह्नीकरण करते हुए पार्किंग स्थल की जानकारी के संकेतक लगा दिये जायें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि एसडीएम व नगर निकायों के अधिकारी ऐसे होर्डिंग्स का चिह्नीकरण कर हटायें जिनसे यातायात प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त मनोरंजन को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सिनेमा हॉलों में फिल्म प्रारम्भ होने से पहले सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारियां प्रदर्शित की जायें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रताप सिंह शाह व जगदीश चन्द्र काण्डपाल, ओसी एनएस नबियाल, एसडीएम विनीत तोमर, दयानन्द सरस्वती, नरेश दुर्गापाल, विनोद कुमार व विजयनाथ शुक्ल, एएसपी देवेन्द्र पिंचा, प्रशिक्षु आईएएस मीरा मेडा, एआरटीओ नन्द किशोर व राम प्रकाश राठौर, नगर आयुक्त दीप्ति वैश्य व उत्तम सिंह चौहान, सहायक आयुक्त मनोरंजन कर सुन्दर सिंह खम्पा, ईई लोनिवि केसी पंत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# महत्वपूर्ण कार्यों की प्राथमिकता से बनाएं योजनाएं



**बागेश्वर।** जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश सिंह ऐठानी की अध्यक्षता में जिला योजना 2017-18 के परिव्यय अनुमोदन के लिए विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं को प्राथमिकता के अनुसार प्रस्तावित करें ताकि लगातार हो रहे पलायन को रोकने एवं गरीबी को दूर करने में योजनाऐं लाभकारी सिद्ध हो सकें।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2016-17 के अवशेष देनदारी पर चर्चा करते हुए अधूरी योजनाओं को पूरा करने के लिए इस वित्तीय वर्ष के परिव्यय में प्रस्तावित करने पर सहमति बनी। बैठक में क्षेत्र पंचायत से प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें आगामी डीपीसी की बैठक में अन्तिम रूप देने के लिए चर्चा की गयी। बैठक में विभागवार प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष जिला पंचायत ने उद्यान एवं कृषि विभाग को फलोत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विकास खंड में फलों की नर्सरी का प्रस्ताव रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि विभाग को धान मढ़ाई, धान कुटाई, जलपम्प व अन्य उपकरणों के क्रय के लिए बजट प्रस्तावित करने को कहा। बैठक में सदस्यों द्वारा अपने -अपने क्षेत्र की विद्युत, पानी, सड़क एवं सिंचाई नहरों के मुद्दों को सदन में रखा। इस पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने हर ब्लॉक में एक आदर्श ग्राम चयनित कर कलस्टर तैयार कर रेखीय विभागों से माडल के रूप में कार्य करने के निर्देश दिये। सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा ने मौन पालन व शामा क्षेत्र में कीवी के उत्पादन को बढ़ावा देने पर बल दिया। शिव सिंह बिष्ट सदस्य जिला पंचायत ने उनके क्षेत्र में नहरों की सफाई व मरम्मत कार्य न होने के कारण धान की रोपाई में बिलम्ब होने का मसला उठाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को सालों पुरानी नहरों के जीर्णोद्धार के लिए बजट प्रस्तावित करने को कहा। बैठक में ब्लॉक प्रमुख बागेश्वर रेखा खेतवाल, ब्लॉक प्रमुख कपकोट मनोहर राम, जिला पंचायत सदस्य भगत सिंह डसीला, जानकी मेहता, सुनीता देवी, जितेन्द्र मेहता, गोविन्द सिंह दानू, गोपाल राम, शिव सिंह बिष्ट, पुष्पा देवी कोरंगा, गोदावरी देवी एवं अन्य सदस्यों सहित मुख्य विकास अधिकारी एसएसएस पांगती, जिला विकास अधिकारी केएन तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी देवेन्द्र नाथ गोस्वामी, अपर संख्याधिकारी कुन्दन लाल, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि आरके पुनेठा, केके तिलारा, खंड विकास अधिकारी वीसी पन्त, प्रभारी अपर मुख्य अधिकारी आरके पन्त, जिला पंचायतराज अधिकारी पूनम पाठक, जिला समाज कल्याण अधिकारी एनएस गस्याल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# चम्पावत व टनकपुर के ईओ का वेतन रोका

## पालीथिन की बिक्री पर अंकुश न लगने पर की कार्रवाई

**चम्पावत।** चम्पावत तथा टनकपुर नगर पालिका परिषद के द्वारा पालीथिन की बिक्री पर अंकुश न लगाने के मामले को जिलाधिकारी डा. अहमद इकबाल ने गम्भीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी चम्पावत व टनकपुर सहित समस्त सम्बन्धित कर्मचारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के लिए बैंकों तथा कोषागार के अधिकारियों को निर्देशित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर सीमा विश्वकर्मा को दिये हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टनकपुर के बैठक में उपस्थित न होने तथा कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी उपजिलाधिकारी को दिये। उन्होंने समस्त नालियों की साफ सफाई करने, पालीथिन की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु छापेमारी करने के साथ ही जुर्माना वसूलने तथा कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि हस्तान्तरण की कार्रवाई करने के निर्देश नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को दिये। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के चौडीकरण में आ रही किसानों की भूमि को चिन्हित कर उसका मुआवजा वितरण करने के निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने जनपद के पांच बडे बकायेदारों से तत्काल वसूली करने तथा वसूली में आनाकानी करने पर उनकी धर पकड़ करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक में आबकारी अधिनियम के वादों के निस्तारण में तेजी लाने, पांच से दस चालकों की जांच अल्कोमीटर से प्रतिदिन करने, नो पार्किंग स्थलों पर बोर्ड लगाने, सड़कों पर मिट्टी रेता व अन्य सामग्री डालने वालों से अर्थदंड वसूलने, ओवरलोड एवं ओवर स्पीड पर लगाम लगाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खतरे की जड़ में आ रहे चम्पावत क्षेत्र के 68 एवं लोहाघाट क्षेत्र के 16 पेड़ों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश एसडीओ वन को दिये। बैठक में एसपी रामचन्द्र राजगुरु, तहसीलदार लोहाघाट नीलू चावला, पाटी के ललित मोहन तिवारी, टनकपुर के आरसी गौतम, आपदा प्रबन्धन अधिकारी मनोज पाण्डेय व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## चिकित्सालय परिसर में फिर अतिक्रमण का प्रयास

**लोहाघाट।** आयुर्वेदिक चिकित्सालय परिसर में एक बार फिर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। जिसे पटवारी जगदीश राम द्वारा रोक दिया गया है। पटवारी के अनुसार मामले की जानकारी तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी को दे दी गयी है। मालूम हो कि इससे पूर्व भी इस स्थान में नाटकीय ढंग से अतिक्रमण का प्रयास किया गया था। जिसे प्रशासन द्वारा ध्वस्त कर दिया गया।

# चमोली का आश्रम पद्धति स्कूल होगा उच्चीकृत

## समाज कल्याण विभाग ने शासन को भेजा पत्र

**हल्द्वानी।** समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित चमोली स्थित राजकीय आश्रम विद्यालय उच्चीकृत होगा। समाज कल्याण निदेशालय ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। स्वीकृति और बजट मिलने के बाद इसके उच्चीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि अनुसूचित जाति के गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा व रहने की सुविधा दिलाने के मकसद से समाज कल्याण विभाग प्रदेश में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन कर रहा है। इन स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ ही रहने, खाने व खेलकूद सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। विभाग का चमोली जिले के सैकोट में भी क राजकीय आश्रम पति विद्यालय है। वर्तमान में इसमें एससी वर्ग के 60 गरीब बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। फिलहाल यहां आठवीं तक की पढ़ाई की ही सुविधा है। इससे बच्चों को आगे की पढ़ाई के अलग स्कूलों का रूख करना पड़ता है। जबकि गरीब मां–बाप फीस देने में सक्षम नहीं हैं कि वे आगे की पढ़ाई भी करा सकें।

हाल के दिनों में समाज कल्याण मंत्री यशपाल आर्य ने विभागीय अधिकारियों को स्कूल के उच्चीकरण के निर्देश दिये थे। समाज कल्याण निदेशक विष्णु सिंह धानिक ने बताया कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सैकोट, चमोली का उच्चीकरण किया जाना है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। स्वीकृति और बजट मिलने के बाद आगे की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

## साल दर साल पेंशनर बढ़ रहे लगातार

### दस साल में बढ़े चार लाख से अधिक पेंशनर 688314 पहुंची प्रदेश में समाज कल्याण विभाग के पेंशनर्स की संख्या

**हल्द्वानी।** समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन योजनाओं में लाभार्थियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। दस साल में ही करीब चार लाख 70 हजार से अधिक पेंशनर विभाग में पंजीकृत हो चुके हैं। हालांकि पूरे प्रदेश में किसान पेंशन लेने वालों की संख्या कम ही है। समाज कल्याण विभाग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में विभाग विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 688314 पात्रों के लाभांवित कर रह है। इन में वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग पेंशन, निराश्रित अविवाहित महिला/परित्यक्ता महिला के लिए पेंशन, तीलू रौतेली पेंशन, किसान पेंशन व बौना पेंशन योजनाएं शामिल हैं।



वर्ष 2007–08 में जहां कुल पेंशनरों की संख्या प्रदेश में दो लाख 17 हजार 837 थी। वहीं अब यह संख्या बढ़कर छह लाख 88 हजार 314 में पहुंच गई है। समाज कल्याण निदेशालय की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में पूरे प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन के 442339, विधावा पेंशन के 147767 और विकलांग पेंशन के 71229 पात्र योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। निराश्रित परित्यक्ता महिलाओं के लिए संचालित पेंशन की 2455 तीलू रौतेली के लिए 850, किसान पेंशन के लिए 20746 व बौना पेंशन केए 82 पात्रों को लाभ दिलाया जा रहा है। इसके अलावा 18 वर्ष से कम आयु के विकलांग बच्चों के लिए संचालित विकलांग भत्ता का लाभ 2846 को दिया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक विष्णु सिंह धानिक ने बताया कि सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को पात्रों को ही लाभांवित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अलग तरीके से अजय कर रहे पर्यावरण संरक्षण

## सीमेंट की चौखट तैयार कर पेड़ों के कटने से बचा रहे



**हल्द्वानी।** मकसद एक, चाहे तरीका कोई भी। इसी उददेश्य को लेकर कार्य कर रहे हैं अजय मित्तल। जीविकोपार्जन भी होता रहे और पर्यावरण संरक्षण भी। इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। रुद्रपुर आवास विकास निवासी अजय मित्तल बेशक पौधरोपण तरीके का अभियान नहीं चलाते हों मगर वे अपने काम करने के अलग अंदाज और तरीके से पर्यावरण संरक्षण के भागीदार बन रहे हैं। वे पौधरोपण करने के बजाए इस मुददे को लेकर कार्य कर रहे हैं कि लगाये जा चुके पौधों को कटने से कैसे बचाया जाए।



वे अब तक प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से हजारों पेड़ों को कटने सब बचा चुके हैं। दरअसल सत्यम डवलपर्स फर्म के स्वामी अजय मितत्तल सीमेंट की चौखट बनाने का अलग तरीके का काम कर पर्यावरण संरक्षण के भागीदार बन रहे हैं।

हर आदमी का सपना होता है कि उसका अपना घर हो। हर साल हजारों नए घर बनने के अलावा पुरानों की मरम्मत होती रहती है। इनकी चौखट आदि बनाने में लकड़ी की ही जरूरत होती है। ऐसे में चौखट, दरवाजे, खिड़की बनाने की खातिर ही हर साल हजारों पेड़ों को काटा जाता है। एग्रीकल्चर से बीएससी और उसके बाद माार्केटिंग से एमबीए करने वाले अजय मित्तल करीब छह साल पहले घूमने दक्षिण भारत क्षेत्रा में गए हुए थे। तब उन्होंने देखा कि यहां की अपेक्षा उस क्षेत्रा में हरियाली अधिक है। साथ ही लोग लकड़ी की चौखट के बजाए सीमेंट की चौखट का इस्तेमाल करते हैं। यहीं से अजय को भी आयडिया सूझा। वे कुछ अलग तरीका काम काम करने के साथ ही पर्यावरण की दिशा में भी काम करना चाहते थे। वहीं लोग भी बरसात के सीजन में लकड़ी की चौखटों के सड़ने–गलने व दीमक लगने से परेशान थे। पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आजीविका भी चलती रहे इससे अच्छा काम क्या हो सकता है। इसी मकसद को मंजिल तक पहुंचाने के लिए उन्होंने इंजीनियरों की राय व तकनीकी का प्रयोग कर सीमेंट की चौखट व सीमेंट के ईंट ब्लॉक बनाने का काम शुरू कर दिया। अजय आज एक सफल कारोबारी तो बन ही चुके हैं। साथ ही दावा करते हैं कि वे अपने अलग तरीके के काम से हजारों पेड़ों को कटने से बचा चुके हैं। वहीं लोगों को भी दीमकरोधी सीमेंट की चौखटें काफी पसंद आ रही हैं। अजय का कहना है कि उनका मकसद भी पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनना है चाहे तरीका कोई भी हो। हम पौधें लगाएं या लगे पौधें बचाएं। बस हरियाली बढ़नी चाहिए।

